# बल्कड्रग पार्क और एयरपोर्ट ललितपुर के विकास को लगाएंगे पंख

## उम्मीदें 2025

ललितपुर, संवाददाता। ललितपुर के लिए 2025 कई मायनों में अहम होगा। बल्कड्रग पार्क और हवाई अड्डा जिले के विकास में वरदान साबित होगा। इससे न सिर्फ जिले की आर्थिक गतिविधियां मजबूत होंगी बल्कि पर्यटन और रोजगार में भी इजाफा देखने को मिलेगा।

बीते साले हुए विकास कार्यों पर नजर दौड़ाई जाए तो जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के नेतृत्व में जनोपयोगी कई अहम कार्य पूर्ण हुए। मेडिकल कालेज इनमें से सबसे महत्वपूर्ण है। स्वशासी मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य डा. डीनाथ के प्रयासों से पर्याप्त भार के विद्युत संयोजन और जलापूर्ति के बगैर मेडिकल कालेज क्रियाशील है। इसमें पढ़ाई के साथ मरीजों का इलाज किया जा रहा है। गुजरते समय के साथ इसकी स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार होता जाएगा और जनपद सहित आस पास के लोगों को बेहतर इलाज मिलेगा। जनपद में दूसरा सबसे बड़ा काम पेयजल आपूर्ति का हुआ है। जल



ललितपुर में हवाई पट्टी पर अभिलेख जांचते जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी।

जीवन मिशन के तहत हर घर नल, हर घर जल अन्तर्गत 15 ग्राम समूह पाइप पेयजल योजनाएं मूर्त रूप ले रही हैं। अधिकतर का काम लगभग पूर्ण हो चुका है। मौजूदा समय में 556 के सापेक्ष 445 गांवों में जलापूर्ति हो रही है, जिससे 1,60,000 परिवारों को आपूर्ति हो रही है। इसके अलावा ग्रामीण स्तर पर खेल प्रतिमाओं को उभारने के



पाइप पेयजल योजना का ट्रीटमेंट प्लांट। उम्मीद है कि इस साल यह मूर्तरूप ले लेगा।

लिए जनपद में 113 खेल मैदान निर्मित किये जा रहे हैं। जल संरक्षण एवं संचयन को ध्यान में रखते हुये 12 नदियों का पुनरोद्धार मनरेगा और ग्राम निधि कन्वर्जेन्स से कराया जा रहा है। कुओं और बावड़ियों का जीर्णोद्धार कार्य जारी है। विद्युत लाइन नहीं होने पर मड़ावरा में जंगल के आस पास बसे 05 गांव लखन्जर, पापड़ा, हीरापुर, बराई, बनगुवां में मिनी सोलर पावर प्लान्ट स्थापित किया गया। बालगृह में निराश्रित बच्चों को आधार तकनीक के माध्यम से ट्रेस कर घर वापसी किसी बड़ी उपलब्धि से कम नहीं रही।